मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण,उ0प्र0

तृतीय तल,अपट्रान भवन, गोमती नगर, लखनऊ

फैक्स नं0–0522–2304363

फोन नं0–0522–2308501, 2307093, 2307094

ई मेल–lkomdm@gmail.com

Website : www.upmdm.org

पत्रांक: म0भो0प्रा0 / सा0 / C-6341 / 2011–12 दिनांक : 30-3-12

सेवा में,

समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
उ0प्र0।

विषय: भारत सरकार की समीक्षा बैठक दि0: 05.01.12 में दिये गये निर्देशों पर कार्यवाही ।

महोदय,

मध्यान्ह भोजन योजना की राष्ट्रीय स्तर पर दि0: 05 जनवरी, 2012 को सम्पन्न समीक्षा बैठक में योजना के परिप्रेक्ष्य में कतिपय महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार–विमर्श हुआ और तत्क्रम में निम्नलिखित कार्यवाही जनपद स्तर पर अपेक्षित हैं:–

1. देश में कुपोषण व रक्ताल्पता की स्थिति संज्ञान में रखते हुए विद्यालयों में आने वाले बच्चों का बॉडी मॉस इण्डेक्स (बी0एम0आई0) का नियमित अनुश्रवण अपेक्षित है, जिससे कुपोषित बच्चों की पहचान हो सके तथा उन्हें अतिरिक्त भोजन व यदि वांछनीय हो तो उपचार भी उपलब्ध कराया जा सके। इसी प्रकार अधिक भार वाले बच्चों की पहचान करते हुए उन्हें शारीरिक गतिविधियों में विद्यालय में शामिल किया जाये। इस संबंध में स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से हेल्थ चेकअप, आई0एफ0ए0 टेबलेट, कृमिनाशक तथा आवश्यकतानुसार नेत्र दोष दूर करने हेतु चश्मों का वितरण कराया जाय।
2. अभिभावक संघो / पी0आर0आई0 / एस0एम0सी0 की भोजन की गुणवत्ता व निर्धारित मात्रा को सुनिश्चित करने के लिये सहभागिता रखी जाये। साथ ही रसोइयों / अध्यापकों / वी0ई0सी0 व पी0आर0आई0 को पोषण, स्वच्छता व साफ–सफाई के विषय में प्रशिक्षित किया जाये। कुक–कम–हेल्पर की क्षमता का विकास इस प्रकार हो कि उनके द्वारा भोजन स्वच्छता व शुद्धता के साथ तैयार किया जाये। जनसमुदाय में भी बच्चों के पोषण स्तर के विषय में जानकारी विकसित की जाये, जिससे विद्यालयों में नामांकन व ठहराव के आधार पर बच्चों का बहुमुखी विकास हो सके।
3. नामांकन के सापेक्ष छात्रों का आच्छादन बढ़ाये जाने संबंधित उचित उपाय किया जाना अपेक्षित है।
4. एफ0सी0आई0 और कुक–कम–हेल्पर को समयबद्ध भुगतान तथा विद्यालयों में परिवर्तन लागत की उपलब्धता समय से सुनिश्चित करायी जाये।
5. किचेन–कम स्टोर के निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिये जायें।

6. रिव्यू मिशन की संस्तुतियों पर अनुपालन संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

7. शिकायतों के समयबद्ध व प्रभावी निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये।

8. वेब बेस एम0आई0एस के माध्यम से समयबद्ध सूचना प्रेषण तथा दैनिक अनुश्रवण प्रणाली के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर तत्परता से कार्यवाही सुनिश्चित करें।

9. 'एम0डी0एम0 लोगो' को अनिवार्यतः विद्यालयों की दीवार पर पेन्ट कराया जाये।

10. केन्द्रीय किचेन केवल नगर क्षेत्रों में जहॉ विद्यालय परिसर में किचेन के स्थान की समस्या हो बनाया जाये, क्योंकि योजना का उद्देश्य केवल भोजन का वितरण नहीं, बल्कि योजना में समुदाय की सहभागिता के अवसर उत्पन्न करना भी है।

अतः अपेक्षित है कि उक्त बिन्दुओं पर जनपद में मध्यान्ह भोजन योजना के अन्तर्गत अनुपालन संबंधी कार्यवाही की जाय, जिससे योजना के वास्तविक उद्देश्यों का लाभ योजना से आच्छादित छात्रों को मिल सके।

भवदीय

(पार्थ सारथी सेन शर्मा)
निदेशक